>

Title: Need for setting up of Water Purifier Plants to ensure supply of clean drinking water in Bahraich district, Uttar Pradesh.

श्री कमल किशोर कमांडो (बहराइच): मेरे संसदीय क्षेत्र के जनपद बहराइच में प्रतिवर्ष भयंकर बाढ़ का प्रकोप रहता है। यह जनपद नेपाल का सीमावर्ती इलाका है। इस जनपद के भूजल पेयजल में आर्सेनिकोसिस की मात्रा बहुत है, जिसे पीने से यहां के लोग लीवर, हृदय, गुर्दा, पाचन, प्रजनन, त्वचा आदि की बीमारियों से ग्रसित हैं। यह क्षेत्र काफी पिछड़ा व गरीब है। इस इलाके में बहुतायत की संख्या में अनुसूचित जाति व जनजाति तथा पिछड़ी जाति के लोग निवास करते हैं। यहां अशिक्षा व बेरोजगारी बहुत है। गरीबी के कारण यहां लोग मंहगी दवा नहीं खरीद पाते हैं। नदियों तथा उपरी सतह का जलस्तर अत्यंत प्रदूषित है। जनहित में पेयजल के लिए जल शुद्धिकरण यंत्र लगाया जाना आवश्यक है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनपद बहराइच के सभी ब्लाकों के पेयजल का जांच कराकर आर्सेनिकोसिस युक्त जल वाले इलाकों में केन्द्रीय योजना के अंतर्गत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का आदेश देने की कृपा करें।